**Need to waive the loan of rice cultivators in Banda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid**

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **(**बांदा**) :** बुंदेलखंड का सारा क्षेत्र कृषि आधारित है । मैं बांदा चित्रकूट से चुन कर आती हूँ तथा वहाँ मुख्य रूप से चावल और गेहूं उगाया जाता है । मैं बताना चाहूँगी कि पिछले साल जहां चावल का दाम 4000 रुपये प्रति क्वविंटल बेचा गया था । इस साल वही चावल आधे से भी कम 2000 रुपये प्रति क्वविंटल से 2500 रुपये प्रति क्वविंटल में बिक रहा है । जिससे कि किसानों का लगाया गया मूलधन भी नहीं निकल पाया है और सरकार दावा करती है कि हम किसानों की आय दोगुनी कर रहे हैं । किसानों को उचित दाम न मिलने के कारण उनके ऊपर कर्जा अधिक बढ़ गया है जिसके कारण किसान आत्महत्या करने में मजबूर हो रहा है । अतः मेरी सरकार से गुजारिश है कि किसानों का कर्ज माफ किया जाए ।